# दूसरों के सुख में भी आनंद की अनुभूति करें

## सीएम ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में आनंदोत्सव के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**भोपाल, 20 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम मनुष्य आदतन सुख-सुविधाओं की वस्तुओं और विलासतापूर्ण जीवन में ही सुख ढूंढते रहते हैं. भौतिक सुख की अभिलाषा सबको है पर आत्मिक सुख और शांति की दरकार कम ही लोगों को है. जबकि जीवन का आनंद भौतिकता में नहीं, मन के भावों की संतुष्टि में निहित है.**

उन्होंने कहा कि आनंद एक ऐसी सुख की अनुभूति है, जो धन से सुख-सुविधाओं के यंत्र वस्तुएं खरीदकर नहीं, बल्कि अपने अंतस में जागे मानवीय भावों के तृप्त होने पर भीतर से उपजती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद के आयाम-राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में नकद राशि और प्रशस्ति पत्र



दिए. फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी विधा में प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए दिए गए.

मुख्यमंत्री ने फोटोग्राफी विधा में मिलिंद कुमार को प्रथम, शैलेंद्र बिहार को द्वितीय एवं सीमा अग्निहोत्री को तृतीय पुरस्कार दिया. वीडियोग्राफी विधा में सैयद अफजान को प्रथम, राजा खान को द्वितीय एवं जीवन रजक को तृतीय पुरस्कार दिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम दूसरों के सुख में भी अपने आनंद की अनुभूति प्राप्त कर लें, यही सनातन संस्कृति की चेतना का आधार है. हम सभी को अपने कार्यों को पूरे आनंद, उत्साह और दक्षता के साथ संपादित करना चाहिए. हरिद्वार से आए महर्षि मधुसूदन जी महाराज ने कहा कि आनंद ही ब्रह्म है, जो पूरे संसार को गति प्रदान करता है. देश की गुलामी के समय बेलियम हेस्टिंग ने गीता को पढ़कर कहा था कि भारत अब लंबे समय तक गुलाम नहीं रहेगा, क्योंकि उन्होंने गीता में आनंद के तत्व ज्ञान को जाना था. आनंद विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आनंद विभाग प्रदेश के सभी ब्लॉक स्तर पर शासकीय सेवकों के लिए आनंद से रहने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ता के रूप में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के सचिव अभय महाजन, कमलेश पटेल, डॉ. जामदार सहित आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी के महानिदेशक सचिन सिन्हा, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार, उप निदेशक प्रवीण गंगराड़े उपस्थित थे. राज्य आनंद संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक मनु दीक्षित ने आभार माना.

### सिंहस्थ में दिखेगा सनातन संस्कृति का वैभव

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन का परमात्मा ने भाग्य विशेष रूप से लिखा है. जो भी व्यक्ति एक बार उज्जैन आता है, उसका जीवन संवर जाता है. मां शिप्रा के पावन तट पर बसी यह नगरी अनादि काल से अस्तित्व में है और हर युग में इसकी महिमा अक्षुण्ण रही है. जब 2028 में सिंहस्थ का विराट स्वरूप दुनिया के सामने आएगा, तब पूरी दुनिया सनातन संस्कृति का वैभव देखेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव विक्रमोत्सव-2026 उज्जैन के राम घाट पर आयोजित सृष्टि आरंभ उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब दुनिया आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग युद्ध में कर रही है, वहीं ड्रोन तकनीक उज्जैन में देवी-देवताओं की झलक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही है. यह सनातन संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है. करीब दो हजार वर्ष पूर्व उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को परास्त कर राष्ट्र की रक्षा की और सुशासन की मिसाल कायम की.

## बुन्देली को संविधान की सूची में शामिल किया जाए

**भोपाल, 20 मार्च.** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय बुन्देली भाषा का राष्ट्रीय सम्मेलन ओरछा में आयोजित किया गया. सम्मेलन में बुन्देलखण्ड से आये साहित्यकारों ने प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से मांग की है कि छह करोड़ बुन्देलियों की मातृभाषा बुन्देली को संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल किया जाए. इस सम्मेलन का उद्घाटन उप्र के राज्य मंत्री हरगोविन्द कुशवाहा द्वारा किया गया. अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. कैलाश मड़वैया मोपाल ने की. संचालन डॉ. कामिनी दतिया ने किया. सम्मेलन में झांसी से मुन्ना तिवारी, हमीरपुर से बालकिसुन जोशी, भोपाल से डॉ. केसी जैन, टीकमगढ़ से सिमाराम अहिरवार व सत्यनारायण तिवारी, मऊरानीपुर से कमलापति रावत, छतरपुर से डॉ. मनोज मनसिज, भगवतशरण रिछारिया, शोभा शर्मा, ग्वालियर से मालती जैन, डॉ. शिरोमणि दतिया सहित 41 साहित्यकारों ने बुन्देली में, कवि कैलाश मड़वैया रचित ग्रंथ ढला चला एवं बुन्देली के मानकीकरण पर अपने निबन्धों का पाठ किया.

## बीएचईएल महिला मंडल ने सफाईकर्मियों को बांटे कंबल




**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. बीएचईएल के महिला शैक्षणिक कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा अन्नानगर क्षेत्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष रोजी उपाध्याय ने जरूरतमंद महिला सफाई कर्मियों को कंबल वितरित किए.**

सभा को संबोधित करते हुए रोजी उपाध्याय ने कहा कि मंडल अपने सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द्र बढ़ाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है. उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चों को आत्मनिर्भर तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं. उन्होंने आगे कहा कि मंडल अपने विभिन्न प्रकोष्ठों के माध्यम से समाज के कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहा है. ये प्रयास सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

इस अवसर पर उपाध्यक्ष ललिता चटर्जी, सचिव मंजू शौरी एवं कोषाध्यक्ष वीना बरनवाल भी उपस्थित रहीं. उन्होंने भी वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और लाभार्थियों से संवाद किया.

## सीएम ने ओम शिवशक्ति सेवा मंडल सदस्यों को किया सम्मानित

▸ मंडल 23 साल से करा रहा है अमरनाथ की यात्रा

**भोपाल, 20 मार्च. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के मंडल के सदस्यों द्वारा लंबे समय से धर्म एवं जन कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कर्म श्री संस्था के अध्यक्ष एवं विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मंडल सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया.**

मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मंडल विगत 23 वर्षों से भोपाल एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं को अमरनाथ की यात्रा कराता आ रहा है एवं दिव्यांगों की सेवा के क्षेत्र में निरंतर परमार्थ के काम किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सम्मान पाने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, राजकुमार शर्मा, मंजू गौतम, दिव्या बोहरा, मनोज पांडे, प्रदीप सोनी, योगेश श्रीवास्तव ,गजेंद्र ठाकुर, भानु बोहरा अमरीश पटेल, नागेंद्र परिहार ,मोनू चौरसिया आदि मंडल सदस्य शामिल हैं .

## गौरैया की चहचहाहट बचाने के लिए आगे आए

### विश्व गौरैया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में विश्व गौरैया दिवस पर शुक्रवार को कुछ अलग ही नजारा रहा. कभी घरों की पहचान रही गौरैया को बचाने के लिए लोग न सिर्फ जुटे बल्कि उसकी वापसी की उम्मीद भी जताते दिखे.**



भोपाल बड्र्स कंजर्वेशन सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड और व्ही एन एस नेचर सेवियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में घरेलू गौरैया का जीवन विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप नंदी ने किया. देशभर के 24 फोटोग्राफर्स के 36 छायाचित्रों में गौरैया के जीवन के भावपूर्ण दृश्य नजर आए. इस अवसर पर डॉ. संगीता राजगीर ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पक्के मकानों ने गौरैया के प्राकृतिक घर छीन लिए हैं. भोजन और सुरक्षित घोंसलों की कमी से यह छोटी चिड़िया संकट में है.

## जीतू पटवारी ने रानी अवंतीबाई लोधी को दी श्रद्धांजलि

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कटनी जिले के पिपरिया में स्वतंत्रता सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर उन्होंने उनकी प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेते हुए उनके साहस और बलिदान को प्रेरणास्त्रोत बताया.**

उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है. कार्यक्रम में राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता



उपस्थित रहे. सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार जनता को झूठे वादों के माध्यम से गुमराह कर रही है. उन्होंने लाड़ली बहना योजना की आलोचना करते हुए कहा कि तीन हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा पूरा नहीं किया गया.

## राजधानी में सस्ते घर का मौका, आवास मेला शुरू

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की तरफ से दो दिवसीय आवास मेले का शुभारंभ पर्यावास भवन में शुक्रवार किया गया.**

मेला 21 मार्च तक चलेगा. उप संभागीय अधिकारी प्रवीण पूर्वन ने बताया कि आम लोगों को एक ही छत के नीचे किफायती घरों की जानकारी और बुकिंग की सुविधा देने के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया है. मेले में विभिन्न लोकेशन पर तैयार और निर्माणाधीन फ्लैट और प्लॉट की योजनाएं प्रस्तुत की गई हैं. कोलार क्षेत्र में करीब 12 लाख रुपये से फ्लैट उपलब्ध हैं. फ्लैट लेने पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत इसमें 1 लाख 80



हजार तक की सब्सिडी भी दी जायेगी. इसके अलावा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के किफायती प्लॉट, 430 वर्गफुट से 1000 वर्गफीट तक के विकल्पों के साथ दिए जा रहे हैं.

वहीं व्यावसायिक निवेश के इच्छुक लोगों के लिए 11 मंजिला बिजनेस पार्क और विद्युत मार्केट कार्यालय कॉम्प्लेक्स में ऑफिस स्पेस की सुविधा भी मेले का आकर्षण है. साथ ही सेमिफार्म और रेजिडेंशियल प्लॉट की योजना के तहत 5 साइज के प्लॉट और 34 एकड़ में विकसित कॉलोनी में 186 प्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं. अधिकारी प्रवीण ने बताया कि खजूरी कला और सूरज परिसर जैसी परियोजनाओं में 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट भी रखे गए हैं, जिनकी कीमतें मध्यम वर्ग के अनुसार किफायती है.

अधिकारियों के मुताबिक मेले में आने वाले लोगों को लोकेशन, बजट और जरूरत के अनुसार विकल्प समझाने के लिए विशेषज्ञ टीम मौजूद है, जिससे घर खरीदने से संबंधित पूरी जानकारी बतायी जा रही है. वहीं सभी बैंकों से वित्तीय सुविधा लेने की भी प्रक्रिया तत्काल रूप से उपलब्ध है.

## बारिश और ओलावृष्टि से फसलें हुईं चौपट

**सिलवानी, 20 मार्च. नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया. दोपहर बाद करीब 20 मिनट तक चली तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और चने के आकार में गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया.**

कई किसानों के खेतों में कटी हुई गेहूं और चने की फसल भीग गई, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है. जिन किसानों ने फसल काटकर खेतों में ही रखी थी, उन्हें सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ा. ग्रामीण क्षेत्रों जैसे सियरमऊ, खमेरा, ककरुआ और हीरापुर से मिली जानकारी के अनुसार आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर खड़ी फसल जमीन पर गिर गई. ओलावृष्टि ने चने की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया. किसानों का कहना है कि कटाई के समय इस तरह का मौसम उनके लिए बड़ा संकट बन गया है. फसल तैयार होने के बावजूद नुकसान होने से उनकी आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ेगा.


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड सीहोर म.प्र.

नया बस स्टैंड, सीहोर-466001 (म.प्र.)

मेल आईडी : eephseh@nic.in

टेलीफोन नं. 07562-224092, फैक्स नं. 07562-224092

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/नि.प्र./खंड सीहोर/लोस्वायांवि/2025-26 — सीहोर, दिनांक 17/3/2026

#### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं. जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है. वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED_491706_1 | सीहोर जिले के विकासखंड बुदनी एवं भैरूंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 50 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य. | 1102450.00 | 22049.00 | 2000.00 | 4 माह |
| 2026_PHED_491672_1 | सीहोर जिले के विकासखंड इछावर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 60 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य. | 1322940.00 | 26459.00 | 2000.00 | 4 माह |
| 2026_PHED_491696_1 | सीहोर जिले के विकासखंड आष्टा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 70 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य. | 1543430.00 | 30869.00 | 2000.00 | 4 माह |
| 2026_PHED_491663_1 | सीहोर जिले के विकासखंड सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 70 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य. | 1543430.00 | 30869.00 | 2000.00 | 4 माह |
| 2026_PHED_491716_1 | सीहोर जिले के विकासखंड सीहोर के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 15 नग नलकूप खनन का कार्य. | 1170000.00 | 23400.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_491730_1 | सीहोर जिले के विकासखंड इछावर के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 15 नग नलकूप खनन का कार्य. | 1170000.00 | 23400.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_491747_1 | सीहोर जिले के विकासखंड आष्टा के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 15 नग नलकूप खनन का कार्य. | 1170000.00 | 23400.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_491768_1 | सीहोर जिले के विकासखंड बुदनी एवं भैरूंदा के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 15 नग नलकूप खनन का कार्य. | 1170000.00 | 23400.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_491774_1 | सीहोर जिले के विकासखंड इछावर के ग्राम दिवड़िया अंतर्गत स्थित 60 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता की 15 मीटर ऊंची क्षतिग्रस्त आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी तोड़ने का कार्य. | 212272.00 | 4245.00 | 2000.00 | 2 माह |

| क्र. | कार्य का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक | 1/4/2026, 5.30 बजे |
| 2. | बिड ओपनिंग दिनांक | 2/4/2026, 5.30 बजे |

G27694/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खंड सीहोर म.प्र.





### अजय जामवाल ने ली संभाग प्रभारियों की बैठक

**भोपाल, 20 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग प्रभारियों एवं मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया.

## व्यंग्य के आईने में दिखाई दिया आम आदमी का सच

▸ लिटिल बैले ट्रूप में धरोहर उत्सव

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. जब एक साधारण व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की विडंबनाओं को हंसी में ढालकर कहता है कि जिंदगी भी एक लंबी यात्रा है जिसमें हर पड़ाव पर सवाल खड़े हैं, तो दर्शक विचारों में खोने लगते हैं.**

इसी विचारों और विमर्शों के ठहराव पर आकर मिलता है नाटक परसाई उवाच, जिसका मंचन शुक्रवार शाम लिटिल बैले ट्रूप में कीर्ति बैले परफॉर्मिंग एवं आर्ट्स द्वारा धरोहर 16 महोत्सव



के अंतर्गत किया गया. हरिशंकर परसाई के तीखे व्यंग्य पर आधारित इस प्रस्तुति का निर्देशन तरुण दत्त पाण्डेय ने किया और प्रस्तुति नव नृत्य नाट्य संस्था द्वारा दी गई. नाटक में समाज और आम आदमी की जिंदगी के उन पहलुओं को सामने रखा गया.

**नई जिंदगी** ▸ एम्स भोपाल में महिला की जटिल सर्जरी

## रीढ़ की हड्डी की नसों से निकाला दुर्लभ ट्यूमर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. एम्स भोपाल में डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और दुर्लभ स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर की सफल सर्जरी कर बिस्तर पर निर्भर हो चुकी महिला को नई जिंदगी दी है.**

महीनों से चलने-फिरने में असमर्थ मरीज अब धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रही है. अस्पताल में आई 40 वर्षीय महिला के रीढ़ की हड्डी के भीतर इंट्रामेडुलरी ट्यूमर नाम का पाया गया, जो रीढ़ की हड्डी की नसों की परत में विकसित होने वाला ट्यूमर है. बता दें डॉक्टरों के अनुसार यह स्थिति रीढ़ की सर्जरी में सबसे कठिन मानी जाती है, जहां जरा सी चूक स्थायी लकवे का कारण बन सकती है. मरीज की हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि वह बिस्तर से उठ नहीं पा रही थी.

डॉ. पंकज मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने माइक्रोसर्जिकल तकनीक का उपयोग करते हुए स्पाइनल कॉर्ड के भीतर से ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला. इस दौरान नसों को सुरक्षित रखना सबसे बड़ी चुनौती मानी जाती है. ऐसे में एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. एस आर ए एन भूषण और शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग (पीएमआर) के डॉ. विट्ठल पुरी ने सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ.

धीरे-धीरे मरीज का शरीर के जरूरी कार्यों पर नियंत्रण भी लौट आया. जो जीवन पूरी तरह बिस्तर तक सीमित हो गया था, वह अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है. बता दें पूरी सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क की गई, जिससे मरीज पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा.

### माइक्रोसर्जिकल तकनीक से निकाला ट्यूमर

डॉ. पंकज मिश्रा के अनुसार रीढ़ की हड्डी के भीतर बढ़ने वाला एक दुर्लभ ट्यूमर है. ये ट्यूमर रीढ़ की हड्डी के कार्य को प्रभावित करते हैं, जिससे पीठ दर्द, कमजोरी, और संवेदनहीनता हो सकती है. जिसे माइक्रो सर्जिकल तकनीक से सर्जन सूक्ष्मदर्शी और विशेष उपकरणों का उपयोग करके, ऊतकों को कम नुकसान पहुंचाते हुए निकाला गया है. माइक्रो सर्जरी में बहुत छोटे-छोटे हिस्सों पर काम किया जाता है.

## इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी को धमकी

**इंदौर.** साउथ तुकोगंज क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी को कुख्यात गैंगस्टर के नाम पर धमकी देकर 15 करोड़ रुपए की मांग किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि कारोबारी संजय जैन को एक कॉल आया, जिसमें धमकी दी गई. कॉल कट करने के बाद उनके मोबाइल पर वॉयस मैसेज भेजा गया, जिसमें खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए हेरी बॉक्सर नाम बताकर रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़ित ने मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की थी.